## चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान में आईआईटी पटना के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में बोले उद्योग मंत्री

# अविन्या बिहार 2.0 : स्टार्टअप सीड फंड बढ़कर 25 लाख होगा



राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल।

**पटना, कार्यालय संवाददाता।** राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस 2026 के मौके पर उद्योग विभाग ने स्टार्टअप बिहार की ओर से आयोजित अविन्या बिहार 2.0 ने बिहार में नवाचार और उद्यमिता की नई तस्वीर पेश की। आयोजन शुक्रवार को चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना के सहयोग से संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि बिहार अब नवाचार और उद्यमिता के नए युग में प्रवेश कर चुका है। घोषणा की कि राज्य सरकार स्टार्टअप सीड फंड को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करेगी, जिससे युवाओं को अपना उद्यम शुरू करने में और अधिक मजबूती मिलेगी। स्वागत संबोधन में सीआईएमपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कुमोद कुमार ने कहा कि अविन्या बिहार 2.0 बिहार की उद्यमशील सोच का उत्सव है। जहां विचारों को मंच और नवाचार को नई उड़ान मिलती है। कार्यक्रम में 'बिहार में सशक्त स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण' और 'विजन 2030 : नीति दिशा और सरकारी पहल' विषयों पर पैनल चर्चा भी हुई। इसमें निवेश, मार्गदर्शन और सरकारी सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से बात हुई।


अविन्या बिहार 2.0 की प्रमुख उपलब्धियों में स्टार्टअपएंडी डॉट कॉम वेबसाइट का शुभारंभ, स्टार्टअप बिहार और टीआईई पटना के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर और कई नवोन्मेषी स्टार्टअप उत्पादों का लोकार्पण शामिल रहा। राज्य के उत्कृष्ट इनक्यूबेशन केंद्रों और स्टार्टअप सेल्स को सम्मानित किया गया। शीर्ष पांच इनक्यूबेशन केंद्रों एवं स्टार्टअप सेल्स को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ इनक्यूबेशन सेंटर रैंकिंग में आईआईटी पटना प्रथम, सीएआईएमपी पटना द्वितीय, बीएयू सबौर, भागलपुर तृतीय, आरपीसीएयू पूसा, समस्तीपुर चतुर्थ और सीएनएलयू पटना पंचम स्थान पर रहा।

Hindustan Hindi ! Page N0-12 ! Date- 17-01-2026

# अविन्या बिहार 2.0 में चार इंजीनियरिंग व दो कृषि विवि को मिला स्टार्टअप पुरस्कार

## छह-छह लाख रुपये दो उद्यमियों को तथा तीन को चार-चार लाख सीड फंड दिया गया

जागरण संवाददाता, पटना : स्टार्टअप बिहार ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर शुक्रवार को अविन्या बिहार 2.0 का आयोजन चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान (सीआइएमपी) में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) पटना के सहयोग से किया। मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने पांच उद्यमियों को सीड फंड दिया गया। इसमें दो को छह-छह तथा तीन को चार-चार लाख रुपये दिए गए। इसमें इंक्यूबेटर सौरभ भारती, मृणाल सिंह, अभिषेक कुमार, किसलय उपाध्याय और अक्षय कुमार मिश्रा शामिल हैं। पांच इंक्यूबेशन सेंटर को भी सम्मानित किया गया। इसमें सरकारी इंजीनियरिंग कालेज, वैशाली को प्रथम, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर को द्वितीय, सरकारी इंजीनियरिंग कालेज, औरंगाबाद को तृतीय, राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर को चतुर्थ तथा गया कालेज आफ इंजीनियरिंग, गया व सरकारी इंजीनियरिंग कालेज, अरवल को संयुक्त रूप से पांचवें स्थान का पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ इंक्यूबेशन सेंटर रैंकिंग में आइआइटी पटना प्रथम, चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना द्वितीय, भागलपुर कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, तृतीय, राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर चतुर्थ तथा चाणक्य नेशनल ला यूनिवर्सिटी, पांचवें स्थान पर रहा।



उद्यमी मृणाल सिंह को सीड फंड का चेक सौंपते उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल। • जागरण

**संरचना, मेंटरशिप व फंडिंग का मिलेगा लाभ :** उद्योग मंत्री ने कहा कि बिहार नवाचार और उद्यमिता के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। अविन्या बिहार 2.0 जैसे आयोजनों के माध्यम से हम स्टार्टअप को फलने-फूलने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम भी तैयार कर रहे हैं। बिहार सरकार आधारभूत संरचना, मेंटरशिप और फंडिंग सहित हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्यमियों की छोटी-छोटी समस्याओं का निष्पादन तत्काल किया जाएगा। सीआइएमपी-बीआइआइएफ के सीईओ कुमार ने कहा कि अविन्या बिहार 2.0 में उद्यमशीलता की भावना का उत्सव है, जहां विचारों को अवसर और नवाचार को पंख लगते हैं। सीआइएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह, निदेशक हस्तकरघा एवं रेशम डा. बिद्यानंद सिंह, सिडबी की महाप्रबंधक अनुभा प्रसाद, आइआइटी पटना इंक्यूबेशन सेंटर के प्रोफेसर इंचार्ज डा. सुधीर कुमार, निदेशक, मारवाड़ी कैटलिस्ट के संस्थापक सुशील शर्मा ने भी अपने अनुभव साझा किए।

Dainik Jagran ! Page N0 -06 ! Date - 17-01-2026

### सीड फंड बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू की, राज्य में 1500 स्टार्टअप निबंधित

# राज्य में अब स्टार्टअप शुरू करने के लिए 10 की जगह 25 लाख मिलेंगे

**पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना**

बिहार में अब सरकार की ओर से स्टार्टअप शुरू करने के लिए सीड फंड 10 लाख की जगह 25 लाख रुपए मिलेगा। इसके लिए प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके साथ ही बिहार को स्टार्टअप हब बनाने के लिए उद्योग विभाग की ओर से सहयोग किया जा रहा है। यह जानकारी उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना में स्टार्टअप दिवस पर आयोजित कार्यक्रम अविन्या बिहार-2 के दौरान कही। जानकारी के मुताबिक बिहार में 1500 से अधिक स्टार्टअप निबंधित हैं। इसके साथ ही सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की संख्या 20 वर्ष में 50 गुना बढ़ चुकी है। 2005 में 72 हजार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग थे, जो आज 35 लाख हो चुके हैं।



## स्टार्टअप वेबसाइट शुरू की गई, एमओयू हुआ

कार्यक्रम में स्टार्टअप वेबसाइट शुरू की गई। साथ ही स्टार्टअप बिहार और एसयू एंड आई मैगजीन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। कार्यक्रम में पांच इन्क्यूबेशन सेंटर्स एवं स्टार्टअप सेल्स को सम्मानित किया गया। इसमें वैशाली इंजीनियरिंग कॉलेज ने पहला, सबौर कृषि विश्वविद्यालय भागलपुर ने दूसरा, औरंगाबाद इंजीनियरिंग कॉलेज ने तीसरा, आरपीसीएयू पूसा समस्तीपुर ने चौथा तथा गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग व अरवल इंजीनियरिंग कॉलेज ने संयुक्त रूप से पांचवां स्थान प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ इन्क्यूबेशन सेंटर रैंकिंग में आईआईटी पटना को पहला, सीआईएमपी को दूसरा, बीएयू सबौर भागलपुर को तीसरा, आरपीसीएयू पूसा समस्तीपुर को चौथा तथा सीएनएलयू पटना को पांचवां स्थान मिला। कार्यक्रम में डॉ. विद्यानंद सिंह, अनुभा प्रसाद, प्रो. सुधीर कुमार, प्रो. राणा सिंह, कुमोद कुमार, सुशील शर्मा आदि मौजूद रहे।

*सरकार बिहार में स्टार्टअप के लिए अवसंरचना, मेंटरशिप और वित्तीय सहायता दे रही है। इसके लिए सीड फंडिंग की राशि को 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने के लिए काम किया जा रहा है।*

**-डॉ. दिलीप जायसवाल**, उद्योग मंत्री

Dainik Bhaskar ! Page N0-04 ! Date -17-01-2026

# बिहार को स्टार्टअप हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम

पटना (आससे)। उद्योग विभाग के अधीन स्टार्टअप बिहार द्वारा राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस 2026 के अवसर पर 16 जनवरी को चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना आईआईटी पटना के सहयोग से अविन्या बिहार 2.0 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल के साथ साथ डॉ विद्या नंद सिंह निदेशक हथकरघा एवं रेशम उद्योग विभाग बिहार सरकार उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री डा दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि बिहार नवाचार और उद्यमिता के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। बिहार सरकार अवसंरचना, मेंटरशिप और वित्तीय सहायता सहित हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि हमारे उद्यमी अपने विचारों को प्रभावशाली उपक्रमों में परिवर्तित कर सकें। हम सब मिलकर बिहार को भारत की स्टार्टअप क्रांति की अग्रणी शक्ति बनाएंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सीड फंडिंग की



राशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये किए जाने के प्रयास जारी हैं। अविन्या बिहार 2.0 के प्रमुख आकर्षणों में वेबसाइट का शुभारंभ, स्टार्टअप बिहार के बीच तथा स्टार्टअप बिहार मैगजीन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान शीर्ष पाँच इन्क्यूबेशन सेंटर्स एवं स्टार्टअप सेल्स को सम्मानित किया गया। इसमें राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयए वैशाली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर, द्वितीय राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय औरंगाबाद ,तृतीय आरपीसीएयू पूसा समस्तीपुर, चतुर्थ तथा गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग गया एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय अरवल ने संयुक्त रूप से पंचम स्थान प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ इन्क्यूबेशन सेंटर रैंकिंग में आईआईटी पटना को प्रथम, सीआईएमपी पटना को द्वितीय, बीएयू सबौर भागलपुर को तृतीय, आरपीसीएयू पूसा समस्तीपुर को चतुर्थ तथा सीएनएलयू पटना को पंचम स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में अवसर एआई, फाइनांस इंडिया, जिलो हेल्थ, ग्रीनर्स्टाक सहित कई नवाचारी स्टार्टअप उत्पादों का भी लोकार्पण किया गया जो बिहार के स्टार्टअप इकोसिस्टम से उभर रही विविध उद्यमशील प्रतिभा को दर्शाता है। साथ ही अतिथियों द्वारा स्टार्टअप स्टॉल्स का भ्रमण कार्यक्रम को और अधिक जीवंत बना गया। यह आयोजन बिहार की उद्यमशील प्रतिभा एवं नवाचार का उत्सव मनाने के साथ.साथ स्टार्टअप्स, निवेशकों और नीति निर्माताओं के बीच सशक्त सहयोग को प्रोत्साहित करने का एक प्रभावी मंच सिद्ध हुआ।

# स्टार्टअप सीड फंड बढ़ा कर 25 लाख किया जायेगा: मंत्री



सीआइएमपी में 'अविन्या बिहार 2.0' का शुभारंभ करते उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल.

- 'अविन्या बिहार 2.0': बिहार को स्टार्टअप हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम : दिलीप जायसवाल

**संवाददाता, पटना**

**उद्योग** मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार बिहार को भारत की स्टार्टअप क्रांति की अग्रणी शक्ति बनाना चाहती है. इस दिशा में ठोस कदम उठाये जा रहे हैं. कहा कि बिहार में स्टार्ट अप को बढ़ावा देने के लिए सीड फंडिंग की राशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये किये जाने की योजना है. सीड फंड सरकार की तरफ से नवस्थापित स्टार्टअप को बढ़ावा देने वाली राशि है. उद्योग मंत्री ने यह बातें शुक्रवार को उद्योग विभाग के अधीन स्टार्टअप बिहार की तरफ से राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस 2026 के अवसर पर चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान, पटना (सीआइएमपी) में 'अविन्या बिहार 2.0' में बतौर मुख्य अतिथि कही है. उद्योग मंत्री ने कहा कि बिहार नवाचार और उद्यमिता के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है. . हम सब मिलकर बिहार को भारत की स्टार्टअप क्रांति की अग्रणी शक्ति बनायेंगे. इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. इस दौरान उद्योग विभाग के हथकरघा एवं रेशम निदेशक डॉ विद्यानंद सिंह, अनुभा प्रसाद, एसआइडीबीआइ की महाप्रबंधक अनुभा प्रसाद , इन्क्यूबेशन सेंटर आइआइटी, पटना के सचिव एवं प्रभारी प्रोफेसर सुधीर कुमार, सीआइएमपी के निदेशक प्रो (डॉ) राणा सिंह,कुमोद कुमार, सीएओ-सीआइएमपी, सीइओ-सीआइएमपी-बीआइआइएफ एवं अन्य लोग उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान Startupandi.com वेबसाइट का शुभारंभ किया गया.

Prabhat khabar
Page N0-1st page
Date-17-01-2026